पत्रांक BSEB/OFSS/78/2022

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

संयुक्त सचिव (OFSS)

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,

सभी प्राचार्य, उच्च माध्यमिक विद्यालय, इण्टर/डिग्री महाविद्यालय, बिहार

पटना, दिनांक 08-08-2022

विषय– **Online Faciliation System For Students (OFSS) के माध्यम से उच्च माध्यमिक विद्यालयों, इण्टर/डिग्री महाविद्यालयों के कार्यालयों में नामांकन लेने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्ध वैसे संस्थानों, जहाँ इण्टर स्तर की शिक्षा प्रदान की जाती है, में OFSS के माध्यम से इण्टर कक्षा में नामांकन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदन पत्रों पर विद्यार्थियों द्वारा उनके माध्यमिक कक्षा की परीक्षा में प्राप्तांक प्रतिशत, उनके आरक्षण कोटि तथा उनके द्वारा दिये गये संस्थान एवं संकाय के विकल्प के आधार पर इण्टर कक्षा में नामांकन हेतु दिनांक 11.08.2022 को प्रथम चयन सूची प्रकाशित की जायेगी, जिसके आधार पर संबंधित संस्थानों में दिनांक 11 अगस्त, 2022 से दिंनाक 18 अगस्त, 2022 तक नामांकन किया जाना है तथा प्रतिदिन नामांकित विद्यार्थियों की विवरणी को अगले दिन अनिवार्य रूप से OFSS पोर्टल पर Online Entry किया जाना है।

2. उल्लेखनीय है कि देश एवं राज्य वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण से प्रभावित है। ऐसे में नामांकन के समय निम्न सावधानी बरते जाने की आवश्यता है:–

i. सोशल डिसटेंसीग का पूर्ण रूप से अनुपालन।
ii. महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान में नामांकन हेतु आने वाले छात्र का टेम्परेचर चेक करना एवं उनके हाथों को सैनेटाइज करना
iii. सभी कार्यरत कर्मियों एवं छात्रों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनना।
iv. दो छात्रों के बीच दो मीटर की दूरी बनाए रखना।

3. नामांकन की अवधि में सभी विद्यालयों में प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानध्यापक तथा सभी शिक्षकेत्तर कर्मियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है, जो इन विद्यार्थियों के नामांकन संबंधित सभी कार्य करना सुनिश्चित करेंगें। चूंकि नामांकन कार्य में पर्याप्त संख्या में काउण्टरों की व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाएं की जानी है, अतः यह आवश्यक है कि इंटर कक्षाओं में नामांकन

हेतु संबंधित प्रधानाध्यापक द्वारा आवश्यकतानुसार अन्य शिक्षकों की भी प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित किया जाए।

4. उक्त के आलोक में आपसे अनुरोध है कि इण्टर कक्षा में नामांकन के लिये विद्यार्थियों के सुविधा हेतु आवश्यकता का आकलन कर पर्याप्त संख्या में काउण्टरों की व्यवस्था की जाये, जिससे कि किसी भी दिन नामांकन हेतु आवश्यकता से अधिक भीड़ नहीं हो तथा इसके लिये पर्याप्त संख्या में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की प्रतिनियुक्त की जाये।

विश्वासभाजन

ह० 8.8.22

संयुक्त सचिव (OFSS)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

8/8/22 08/08/2022